
मेल्विन कछुआ

लॉरेन कैस्टिलो



जब एक छोटा लड़का पार्क में धूप में तपते हुए एक छोटे कछुए को देखता है, तो उसे लगता है कि उसे सही पालतू जानवर मिल गया है. लेकिन घर पर, लड़के को पता चलता है कि कछुआ केवल नहाते समय ही अपने खोल से बाहर आता है. क्या यह संभव है कि कछुआ तालाब के पास ही सबसे ज्यादा खुश होगा? क्योंकि वहाँ हमेशा नहाने का ही समय होता है!



मेल्विन कछुआ

लॉरेन कैस्टिलो





मुझे सच में एक पालतू जानवर चाहिए. लेकिन मैं हमेशा "नहीं" ही सुनता हूं.


मैं माँ से एक कुत्ता पालने के लिए पूछता हूं, लेकिन वो कहतीं हैं, "वो बहुत बड़ा है."







मैं पिताजी से एक बंदर मांगता हूं, लेकिन वे कहते हैं,
"वो बहुत झंझटी होगा."

मैं एक पालतू पक्षी मांगता हूं, तो वे दोनों कहते हैं,
"वो बहुत शोर मचाएगा!"





बाकी सभी बच्चों के पास कोई-न-कोई पालतू जानवर है.




पार्क में एक कछुआ मुझे घूर रहा है.

उसके ऊपर पीले धब्बे हैं और उसका एक फैंसी खोल है.

वो बहुत बड़ा भी नहीं है.

उससे बहुत ज्यादा काम नहीं बढ़ेगा.

और वो निश्चित रूप से बहुत शोर भी नहीं मचाएगा.





"क्या मैं उसे रख सकता हूँ?"

"ठीक है, बेटा," माँ और पिताजी सहमत हो गए.


"तुम उसे क्या नाम दोगे?"

"मेल्विन," मैंने कहा. क्योंकि मेल्विन कछुए के लिए एक अच्छा नाम है.




घर पर मैंने मेल्विन के साथ खेलने की कोशिश की.

लेकिन वो अपने खोल में ही छुपा रहा.



मैं उसके अपना नाश्ता साझा करने की कोशिश की, लेकिन मुझे नहीं लगा कि उसे मेरा नाश्ता पसंद आया.



जब मैं मेल्विन को अपने दोस्तों से मिलवाने के लिए बाहर ले गया

तो वो एकदम शर्मा गया.



वो दूसरे पालतू जानवरों से भी मिलना नहीं चाहता है.


और जब मैं कैच-कैच खेलता हूं, तो वो चुपके से भागने की कोशिश करता है.





जब हम रात के खाने के बाद टहलने जाते हैं, तो मेल्विन बहुत धीमे चलता है.

मुझे मेल्विन को घर तक बांधकर लेकर आना पड़ता है.



मैं पहले खुद नहाता हूं, और फिर मैं मेल्विन को नहलाता हूं.

तब अंत में मेल्विन अपने खोल से बाहर आता है!




लेकिन जब पिताजी हमें रात में एक कहानी पढ़ते हैं

तो मेल्विन फिर से छिप जाता है.


वो कहानी सुनना नहीं चाहता है.

मुझे नहीं लगता कि मेल्विन को मेरा घर पसंद आया है. मुझे लगता है कि वो पार्क में अपने दोस्तों को याद करता होगा ...




सुबह को, मैं माँ और पिताजी को बताता हूं कि मेल्विन को हमारे घर में ज्यादा मजा नहीं आ रहा है.

"शायद वह पार्क में वापस जाना चाहता है," मैंने उनसे कहा.








जब मैं मेल्विन को पार्क में मुक्त करता हूं,

तो वह सीधे उस तालाब में जाता है

जहां दो अन्य कछुए धूप सेंक रहे हैं.

वे बिल्कुल मेल्विन की तरह दिखते हैं.

"हमें उसे यहां रहने देना चाहिए," मैं कहता हूं.



लेकिन मैं मेल्विन को यह बताना चाहता हूं

कि मैं कल उससे मिलने ज़रूर आऊंगा!


कछुओं के बारे में कुछ तथ्य



- कछुओं की 250 से अधिक प्रजातियां होती हैं.



- कछुए 20-करोड़ से भी अधिक वर्षों से पृथ्वी पर हैं - वे यहां पर डायनासोर से भी पहले थे.
- अंटार्कटिका को छोड़कर कछुए हर महाद्वीप पर रहते हैं.
- कछुए सरीसृप होते हैं - वे एकमात्र सरीसृप हैं जिनका एक खोल होता है.






- बॉक्स कछुए (मेल्विन की तरह) 100 से अधिक वर्षों तक जीवित रह सकते हैं.
- बॉक्स कछुए जमीन पर रहते हैं, लेकिन वे नदियों और तालाबों के पास भी पाए जाते हैं. कभी-कभी वे ठंडा होने के लिए पानी में डुबकी लगाते हैं.
- जंगली कछुए कैद में अच्छे से नहीं पनपते हैं. कई राज्यों में कछुए को उनके जंगली परिवेश से निकालना गैरकानूनी है. प्राकृतिक आवास में कछुओं का निरीक्षण करना और उनका आनंद लेना ही सबसे अच्छा होता है.
- कछुओं की नज़र बहुत तेज़ होती है. उनकी स्पर्श की इंद्रियां भी अच्छी होती हैं.



- जब कछुए डरते हैं, तो वे अपने सिर, पूंछ और पैरों को अपने खोल में अंदर खींच लेते हैं, जिसे वे बंद कर सकते हैं. उनका खोल उन्हें खतरे से बचाता है.
- कछुओं को उनके कारपेस की लंबाई से मापा जाता है. सबसे छोटा कछुआ दलदली कछुआ होता है, जो करीब चार-इंच लंबा होता है. सबसे बड़ा कछुआ लेदरबैक होता है, जो आठ फीट तक लंबा हो सकता है.



एक-दूसरे को बीमारियों से बचाने के लिए कछुए को उठाने से पहले और बाद में अपने हाथ ज़रूर धोएं.